मूल्य : एक रुपया

www.kay2steel.com

# स्टील टाइम्स

JANUARY - MARCH, 2019

KAY2 STEEL LIMITED की गृह पत्रिका, वर्ष–2, अंक–01

E mail: info@kay2steel.com

follow us on

# Kay2 स्टील लिमिटेड को मिला Nex Brand अवॉर्ड

भारत के सबसे तेजी से बढ़ते स्टील ब्रांड Kay2 स्टील लिमिटेड का लोहा अब राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित अनुष्ठानों द्वारा भी माना जाने लगा है। कुछ ही समय में अपने उत्पादों की उत्कृष्ट गुणवत्ता, डीलर्स और डिस्टब्यूटर्स के मज़बूत विश्वास, ठोस आर्थिक आधार, बाजार में प्रचुर उपलब्धता और मार्केटिंग के योजनाबद्ध प्रयासों के चलते Kay2 स्टील एक ब्रांड के रूप में ग्राहकों, विक्रेताओं और आर्थिक संस्थानों के सदस्यों के दिलों पर राज करने लगा है। डीलर्स माल बेचते हुए और ग्राहक उत्पाद खरीदते हुए सिर्फ Kay2 स्टील का नाम देखकर आश्वस्त हो जाते हैं।



Kay2 स्टील ब्रांड की इसी प्रसिद्धि का असर देश के जाने–माने ब्रांड अवॉर्ड – Nex Brand अवॉर्ड में भी दिखा। 12 फरवरी, 2019 को मुंबई में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में कंपनी को यह सम्मान दिया गया। इस पुरस्कार को पाने की होड़ में देश के अन्य कई प्रसिद्ध और लोकप्रिय ब्रांड भी शामिल थे। परंतु उन सभी की तुलना में सम्मानित ज्यूरी द्वारा Kay2 स्टील लिमिटेड को वरीयता दी गई और पुरस्कार के लिए चुना गया।

Kay2 स्टील लिमिटेड की ओर से इस सम्मान को स्वीकार करने के लिए कंपनी के निदेशकगण श्री सुनील अग्रवाल और श्री सौरभ अग्रवाल कार्यक्रम में शरीक हुए। यह पुरस्कार उन्हें देश के जाने–माने हास्य कलाकार कपिल शर्मा द्वारा दिया गया। श्री सुनील अग्रवाल ने Kay2 स्टील लिमिटेड को इस सम्मान के लिए चुनने के लिए ज्यूरी के सदस्यों और आयोजकों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि Kay2 स्टील को इतना बड़ा और लोकप्रिय ब्रांड बनाने में कई लोगों का कठिन परिश्रम शामिल है। कंपनी ऐसे सभी लोगों की आभारी है। कंपनी को इस ऊँचे मुकाम पर पहुंचाने के लिए प्रयासरत प्रत्येक व्यक्ति को कंपनी भविष्य में इसका उचित फल अवश्य देगी।

श्री सुनील अग्रवाल ने कहा कि Kay2 स्टील लिमिटेड सिर्फ एक पैसा कमाने वाली कंपनी नहीं बल्कि यह एक सोच है, एक सपना है। हमारा मानना है कि सफलता वही है जिसमें आप अपने हर साथी को साथ लेकर आगे बढ़ें। हमने आज तक इन्हीं नैतिक मूल्यों पर काम किया है और भविष्य में हम इस परंपरा को और अधिक मजबूती प्रदान करेंगे। हमारे ग्राहकों का विश्वास हमारी सबसे बड़ी दौलत है। हम उसमें कभी किसी तरह का नुकसान नहीं होने देंगे। आने वाले समय में कंपनी का लक्ष्य अपनी ब्रांड वैल्यू को और अधिक मजबूती प्रदान करना है। इसके लिए कंपनी द्वारा हर स्तर पर योजनाएं बनाई जा रही हैं और सामूहिक व व्यक्तिगत लक्ष्यों का निर्धारण किया जा रहा है।

कंपनी को यह पुरस्कार मिलने से Kay2 स्टील लिमिटेड के सभी कर्मचारी, निवेशक, सहयोगी, फ्रेंचाइजी पार्टनर्स, डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स सभी बहुत प्रसन्न हैं और अपने आपको गौरवांवित महसूस कर रहे हैं। इस पुरस्कार के मिलने से उनके प्रयासों में और अधिक बढ़ोत्तरी हुई है। सभी का मानना है कि ऊँचाई पर पहुँचना तो फिर भी आसान होता है, पर वहां बने रहना बहुत मुश्किल होता है। इसलिए अब हमें और ज्यादा मेहनत करनी होगी, ताकि हम हमेशा इसी शिखर पर बने रहें। ■

# बढ़ेगी जागरूकता, तो मिलेगी सफलता

## देश भर में विभिन्न स्थानों पर Kay2 स्टील लिमिटेड द्वारा ग्राहक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

एक इमारत के निर्माण में उसके बनवाने वाले और बनाने वाले दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इमारत का निर्माण चाहे जो भी करवाए, उसे बनाने वाले होते हैं – राजमिस्त्री। इसलिए जब भी टीएमटी की बात होती है, तो राजमिस्त्री को ही इसका अंतिम उपभोक्ता माना जाता है। इसका मुख्य कारण यह है कि पुराने समय से ही हमारे देश में भवन निर्माण कराते समय एक आम भारतीय जिस शख्स की सलाह पर सबसे ज्यादा गौर करता है वे होते हैं उसके राजमिस्त्री या ठेकेदार। वर्षों से राजमिस्त्री और ठेकेदार अपनी सटीक सलाह के दम पर मजबूत इमारतें खड़ी करते आए हैं। लेकिन समय के साथ उन्हें भी नई तकनीक के बारे में जानकारी पाने की आवश्यकता होती है ताकि वे और भी मजबूत और बेहतर भवन बना सकें। मिस्त्रियों की इस ज्ञान और जागरूकता से संबंधित हर ज़रूरत को पूरा



बीरपुर, मध्य प्रदेश के बालाजी ट्रेडर्स द्वारा आयोजित ग्राहक जागरूकता कार्यक्रम की झलकी


गुप्ता ट्रेडर्स, देवबंद, उत्तर प्रदेश में राजमिस्त्री सम्मेलन का आयोजन


16 फरवरी को ढोलका, गुजरात में भरमल हार्डवेयर एंड पेंट्स द्वारा आयोजित मेसन सम्मेलन



5 जनवरी, 2019 को धरमपुर, गुजरात में कल्पवृक्ष बिजनेस ग्रुप द्वारा आयोजित सम्मेलन


19 जनवरी को खेड़ा, उत्तर प्रदेश में दिगम्बर आयरन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 40 से अधिक मिस्त्री पधारे



मैसर्स राजेन्द्र कुमार सुरेन्द्र कुमार, लोहिया बाजार, ग्वालियर द्वारा आयोजित मेसन एवं कॉन्ट्रैक्टर मीट



श्रीराम ट्रेडर्स, ग्वालियर द्वारा आयोजित ग्राहक जागरूकता कार्यक्रम की तस्वीर



अरिहंत आयरन स्टोर और वैष्णो बिल्डिंग मैटीरियल, जौरा, मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित ग्राहक जागरूकता कार्यक्रम



मैसर्स चिराग कुमार बिपिन चंद्र मेहता, कलोल, गुजरात द्वारा 22 नवंबर 2018 को आयोजित ग्राहक जागरूकता कार्यक्रम




मध्य प्रदेश के पोरसा में हरि आयरन स्टोर द्वारा ग्राहक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




बिहार में 8 जनवरी को लक्ष्मी ट्रेडर्स, राघोपुर, सुपौल द्वारा आयोजित कार्यक्रम



अन्नू ट्रेडर्स, रामपुर, सहरसा, बिहार द्वारा 10 जनवरी को मेसन सम्मेलन का आयोजन

करने में Kay2 स्टील लिमिटेड हमेशा अव्वल रहती है। इसी क्रम में कंपनी द्वारा पिछले कुछ समय में गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और बिहार के विभिन्न नगरों में राजमिस्त्रियों और ठेकेदारों के लिए अनेक लोहा प्रशिक्षण कार्यक्रमों और सम्मेलनों का आयोजन किया गया।

इन सम्मेलनों का आयोजन कंपनी के स्थानीय डीलर्स द्वारा किया गया। कंपनी के स्थानीय और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा रोचक प्रेसेंटेशन्स, वीडियो, संवाद और सवाल–जवाब के द्वारा राजमिस्त्रियों को Kay2 टीएमटी की तकनीकी विशेषताओं, इसके इस्तेमाल के फायदों और कंपनी की विभिन्न पहलों की जानकारी दी गई। मिस्त्रियों को समझाया गया कि किस प्रकार Kay2 टीएमटी हाई ग्रेड कंक्रीट के साथ प्रयोग करने के लिए उपयुक्त है, इसकी मजबूती, लचकता और वेल्डिंग होने की उपयुक्तता और जंगरोधक व भूकंपरोधी क्षमता – सबकुछ बेमिसाल हैं। Kay2 टीएमटी की गुणवत्ता बाजार में उपलब्ध दूसरे उत्पादों से बेहतर और दाम उनसे कहीं किफायती हैं।

राजमिस्त्रियों द्वारा अधिकाशतः पूछे जाने वाले सवालों में प्रमुख सवाल थे कि Kay2 टीएमटी लोकल टीएमटी के मुकाबले में अधिक ठोस क्यों हैं और कई बार डीलर कांउटर से ही माल लेते समय भी उसमें लाल निशान क्यों होते हैं? कंपनी के अधिकारियों द्वारा Kay2 टीएमटी की उत्पादन प्रक्रिया की विशिष्टता और कठिन जांच प्रक्रिया का उल्लेख करते हुए इन सब सवालों का संतोषप्रद उत्तर दिया गया। उन्हें यह भी बताया गया कि Kay2 टीएमटी वर्ष 2017–18 में देश के सबसे बेहतरीन ब्रांड्स में शुमार रहा है। साथ ही कंपनी द्वारा राजमिस्त्रियों को इंजीनियर सर्विस सपोर्ट, कस्टमर केयर हेल्प, झंझट–मुक्त डिलिवरी और टोल–फ्री नंबर इत्यादि के बारे में जानकारी और समय पर सहयोग का आश्वासन भी दिया गया। कार्यक्रम के अंत में मिस्त्रियों को उपयोगी उपहार दिए गये। इन कार्यक्रमों में राजमिस्त्रियों के चाय–नाश्ते और खानपान का भी उचित प्रबंध किया गया था। सभी मिस्त्री भाई कंपनी द्वारा दी गई जानकारी से बेहद प्रभावित थे। उन्होंने वादा किया कि भविष्य में वे कंपनी के साथ अपने संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करेंगे। ■

# इंदौर में Kay2 स्टील लिमिटेड के चैनल पार्टनर्स सम्मेलन का आयोजन

मध्य प्रदेश के बाजारों में Kay2 स्टील लिमिटेड की स्थिति और उपस्थिति मजबूत करने के लिए कंपनी द्वारा 2 फरवरी, 2019 को एक बड़े चैनल पार्टनर्स सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में चर्चा का मुख्य बिंदु यह रहा कि किस प्रकार कंपनी और उसके उत्पादों की पहुँच को और अधिक विस्तार दिया जा सकता है। कंपनी के अधिकारियों ने इस विषय पर अपने विचार रखने के साथ सभी चैनल पार्टनर्स के सुझावों को भी सुना। इस बात पर सभी एकमत थे कि Kay2 स्टील के उत्पादों की गुणवत्ता इतनी बेहतरीन है कि हमें बस एक बार लोगों को कंपनी के उत्पाद इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित करने की ज़रूरत है। उसके बाद ग्राहक स्वयं उत्पादों की गुणवत्ता से प्रभावित होकर कंपनी के उत्पादों की मांग करेंगे। सभी चैनल पार्टनर्स कंपनी द्वारा प्रदान किये जाने वाले मार्केटिंग सहयोग की विशेष तौर पर सराहना की।

Kay2 स्टील लिमिटेड की ओर से कंपनी के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने टेलिकॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में उपस्थित डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स को








संबोधित किया। उन्होंने कहा, "कंपनी के डीलर और डिस्ट्रीब्यूटर सिर्फ़ उसकी शान हैं। कंपनी को अपने सभी सहयोगियों की क्षमताओं और निष्ठा पर पूरा विश्वास है। हम सिर्फ कारोबार में नहीं, बल्कि एक–दूसरे की उन्नति और उज्जवल भविष्य में परस्पर भागीदार हैं। जिस तरह हमने पिछले कुछ समय में साथ मिलकर काम किया है, अगर वैसा ही परिश्रम और तालमेल बना रहा तो आने वाला समय निश्चित रूप से हमारा ही होगा।"

इस कार्यक्रम में Kay2 स्टील लिमिटेड के फ्रेंचाइजी पार्टनर मैसर्स इम्पैक्स कमर्शियल प्रा. लि. का उल्लेखनीय सहयोग रहा। इम्पैक्स कमर्शियल की ओर से उसके निदेशकगण श्री निखिल बंसल, श्री आशीष बंसल और श्री राकेश बंसल मौजूद रहे। उन्होंने भी अपने स्तर पर चैनल पार्टनर्स को यह आश्वासन दिया कि कंपनी कितनी भी बड़ी मांग की आपूर्ति करने में सक्षम है। उत्पादों की गुणवत्ता में कभी कोई समझौता न किया गया है और न कभी किया जाएगा।

इस सम्मेलन में प्रदेश के 125 से अधिक डीलर और डिस्ट्रीब्यूटर्स मौजूद थे। Kay2 स्टील लिमिटेड की ओर से श्री अवनीश कुमार, मैनेजर मार्केटिंग, श्री प्रणीण पचोली, असिस्टेंट मैनेजर मार्केटिंग और श्री प्रीतम सिंह, क्वालिटी इन्चार्ज उपस्थित रहे। कंपनी के मुख्यालय से श्री एस.बी. शर्मा, सीनियर जी.एम. मार्केटिंग, श्री समीर गुप्ता, सीनियर मैनेजर मार्केटिंग, श्रीमति नीतू कटारिया, सीनियर मैनेजर मार्केटिंग, श्री अमित सोनी, ए.जी.एम. ब्रांड प्रमोशन और श्री पुनीत सिंह, मैनेजर ब्रांड प्रमोशन भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। सभी अधिकारियों ने अपने–अपने स्तर पर चैनल पार्टनर्स को प्रभावित करने का प्रयास किया। इस आयोजन को बनाने में अनेक लोगों का श्रम और समय लगा। कंपनी उन सभी की तहेदिल से सराहना करती है। ■